विज्ञापन सं : 01/2014

एनटीपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
रिहंद सुपर थर्मल पॉवर परियोजना
रिहंदनगर, सोनभद्र- 231223
उत्तर प्रदेश

कारीगर प्रक्षिशु और प्रयोगशाला सहायक प्रशिक्षु की भर्ती

एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी पॉवर कंपनी है जिसकी स्थापित क्षमता 43,128 मेगावाट है। विश्व स्तरीय पॉवर प्रमुख बनने के अपने सपने को साकार करने के लिए एनटीपीसी की वर्ष 2032 तक 128000 मेगावाट कंपनी बनने की योजना है।

एनटीपीसी, उत्तर प्रदेश राज्य में उत्तरी क्षेत्र में स्थित अपनी **रिहंद सुपर थर्मल पॉवर परियोजना** के लिए पात्र उम्मीदवारों से कारीगर प्रशिक्षु और प्रयोगशाला सहायक प्रक्षिशु के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

कारीगर प्रशिक्षु: * **फिटर (30), *इलेक्ट्रिशियन (55), *इंस्ट्रूमेंट मेकेनिक (44)**
प्रयोगशाला सहायक प्रक्षिशु: **बी.एससी. (रसायन) (14)**

प्रशिक्षण, परिलब्धियां और तैनाती:
चयनित उम्मीदवारों को 1(एक) वर्ष की अवधि के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें प्रति माह रु.11500/- का समेकित वजीफा दिया जाएगा। प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूरा होने पर इन उम्मीदवारों को रु.11500-3%-26000/- के वेतनमान में आमेलित किया जाएगा।

आयु सीमा:

कारीगर प्रशिक्षु	ऊपरी आयु सीमा 11.08.2014 को 27 वर्ष है। पीएपी (रिहंद सुपर थर्मल पॉवर परियोजना के भूमि विस्थापितों) के लिए 11.08.2014 को ऊपरी आयु सीमा 45 वर्ष है।
प्रयोगशाला सहायक प्रशिक्षु	ऊपरी आयु सीमा 11.08.2014 को 30 वर्ष है। पीएपी (रिहंद सुपर थर्मल पॉवर परियोजना के भूमि विस्थापितों) के लिए 11.08.2014 को ऊपरी आयु सीमा 36 वर्ष है।

नोट :न्युनतम आयु सीमा 11.08.2014 को 18 वर्ष है।

योग्यता:

विषय	**योग्यता**
एटी (फिटर)	पूर्णकालिक नियमित आईटीआई (फिटर)
एटी (इलेक्ट्रिशियन)	पूर्णकालिक नियमित आईटीआई (इलेक्ट्रिशियन)
एटी (इंस्ट्रूमेंट मेकेनिक)	पूर्णकालिक नियमित आईटीआई (इंस्ट्रूमेंट मेकेनिक)/आईटीआई (इलेक्ट्रॉनिक्स)
प्रयोगशाला सहायक प्रशिक्षु	पूर्णकालिक नियमित बी.एससी. (रसायन)

टिप्पणी: केवल वे उम्मीदवार, जो 11.08.2014 या उससे पहले अपेक्षित योग्यता रखते हैं, आवेदन करने के लिए पात्र हैं। सभी योग्यताएं मान्यताप्राप्त भारतीय संस्थानों से और सांविधिक प्राधिकारी से अनुमोदित होनी चाहिए।

चयन प्रक्रिया:

पात्र उम्मीदवारों को दो घंटे की वस्तुपरक लिखित परीक्षा/टेस्ट देना होगा। मेरिट और आवश्यकता के आधार पर साक्षात्कार में प्रस्तुत होने वाले सफल उम्मीदवारों की सूची www.ntpccareers.net पर उपलब्ध कराई जाएगी और ऐसे उम्मीदवारों को सूचना भी दी जाएगी। संक्षिप्त सूची में डाले गए ऐसी सभी उम्मीदवारों को व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्रस्तुत होना होगा।

परीक्षा केन्द्र:

उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र के रूप में कोई नगर चुनना होगा और बाद में किसी भी स्थिति में परीक्षा केन्द्र को बदलने पर विचार नहीं किया जाएगा। तथापि, एनटीपीसी को संबंधित क्षेत्र/केन्द्र के लिए उम्मीदवारों के रिस्पांस (response) के आधार पर किसी केन्द्र को रद्द करने या जोड़ने का अधिकार होगा।

लिखित परीक्षा के बारे में:

लिखित परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी में दी जा सकती है। परीक्षा दो भागों में होगी। भाग-I में ज्ञान परीक्षा होगी और इसमें दिए गए विज्ञापन के अनुसार उम्मीदवारों के विषय से संबंधित 70 बहु-विकल्प प्रश्न शामिल होंगे, भाग-II में अभिक्षमता (Aptitude) परीक्षा होगी, जिसमें मात्रात्मक योग्यता, अंग्रेजी, तार्किक परीक्षा और सामान्य ज्ञान पर 50 बहु-विकल्प प्रश्न होंगे। इसमें कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी। प्रत्येक भाग के लिए अलग अर्हक (Qualifying) अंक हैं।

संभावित रिक्तियां:

प्रत्येक पद में श्रेणी-वार रिक्तियां नीचे दी गई हैं:

पद	विषय	सामान्य	ओबीसी (एनसीएल)	अ.जा.	कुल	अशक्तता का प्रकार
कारीगर प्रशिक्षु	फिटर	16	8	6	30	**ओएल, एचएच**
	इलेक्ट्रिशियन	30	14	11	55	**ओएल, एचएच, बीएल***
	इंस्ट्रूमेंट मेकेनिक	24	11	9	44	**ओएल, एचएच**
प्रयोगशाला सहायक प्रशिक्षु	रसायन	9	3	2	14	**ओएल, बीएल, ओए, डी**
योग		79	36	28	143	

* ऐसे उम्मीदवारों के लिए जिन्होंने 18.01.2007 से पूर्व संगत पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया था।
ओएल - एक टांग, ओए - एक बाजू, बीएल - दोनों टांगे, एचएच - बधिर विकलांग, डी - बहरा

अशक्त उम्मीदवारों (पीडब्ल्यूडी) के लिए कुल 04 रिक्तियां आरक्षित हैं।

ऊपर उल्लिखित संभावित रिक्तियों की कुल संख्या प्रबंधन के विवेक पर बढ़/घट सकती है।

आरक्षण और छूट:

01. अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर)/एक्सएसएम/पीडब्ल्यूडी (40% या अधिक विकलांग मात्रा) उम्मीदवारों को सरकारी निर्देशानुसार आरक्षण और छूट उपलब्ध कराई जाएगी। अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसी(एनसीएल)/पीडब्ल्यूडी की चिह्नित रिक्तियों के लिए ही छुट प्रदान की जाएगी।

02. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में एक बार भरी गई श्रेणी बदली नहीं जाएगी और बाद में अन्य श्रेणी का कोई लाभ देय नहीं होगा। **अ.जा./अ.ज.जा./ओबीसी(एनसीएल)/पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अपेक्षित प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति अपलोड करनी होगी।**

03. अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों से कोई पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा।

04. अ.जा. के लिए ऊपरी आयु सीमा छूट 5 वर्ष, ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष है। पीडब्लयूडी-सामान्य के लिए यह छूट 10 वर्ष, पीडब्ल्यूडी-ओबीसी (एनसीएल) के लिए 13 वर्ष और पीडब्ल्यूडी-अ.जा. उम्मीदवार के लिए 15 वर्ष है। पीएपी (रिहंद सुपर थर्मल पॉवर परियोजना के भूमि विस्थापितों) के लिए ऊपरी आयु सीमा कारीगर प्रशिक्षु पद के लिए 11.08.2014 को 45 वर्ष तथा प्रयोगशाला सहायक प्रशिक्षु पद के लिए 11.08.2014 को 36 वर्ष है।

05. ओबीसी उम्मीदवार, जो "क्रीमी लेयर" से संबंधित हैं, ओबीसी छूट पाने के पात्र नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी सामान्य दर्शानी होगी। ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों को भारत सरकार के निर्धारित प्रपत्र में अपेक्षित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा जिसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा वर्तमान वर्ष में जारी किया गया हो। इसके अलावा, ऐसे उम्मीदवारों को साक्षात्कार के

समय, यह उल्लेख करते हुए स्व-वचनबद्धता देनी होगी, कि वे ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के हैं।

06. ऐसे उम्मीदवारों को ऊपरी आयु में 5 वर्ष की छूट दी जाती है, जो सामान्यतया 01.01.80 से 31.12.89 तक जम्मू व कश्मीर राज्य के निवासी रह चुके थे।

07. भूतपूर्व सैनिकों को सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी।

08. रिहंद सुपर थर्मल पॉवर परियोजना के स्थानीय निवासियों/भूमि विस्थापितों को रोजगार से संबंधित प्रावधान, भूमि विस्थापितों की दी जाने वाली सुविधाओं पर एनटीपीसी के नियम एवं नीति की शर्तों के अनुसार विनियमित होंगे। केवल ऐसे भूमि विस्थापितों, जिन्होंने सेवायोजन के प्रयोजन से एनटीपीसी से पूर्व में कोई लाभ न लिया हो, को ही वरीयता दी जाएगी।

09. आयु/योग्यता की समस्त गणना 11.08.2014 के संदर्भ में की जाएगी। परिणाम की घोषणा/अंक तालिका जारी करने की तारीख योग्यता अर्जित करने की तारीख मानी जाएगी और इसमें कोई छूट नहीं दी जाएगी।

10. साक्षात्कार और/या लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रित किए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने, यदि ऐसी आवश्यकता होती है, के लिए प्रबंधन को न्यूनतम योग्यता मानक/मानदण्ड बढ़ाने का अधिकार होगा। यदि उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होते हैं तो प्रबंधन, योग्यता/मानकों/मानदण्ड में छूट दे सकता है/कम कर सकता है।

सेवा सहमति बांड:

चयनित उम्मीदवार को अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सेवा करार बांड भरना होगा और तत्पश्चात् कंपनी में कम से कम 3 वर्ष तक सेवा करनी होगी।

स्वास्थ्य:

उम्मीदवार का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। कार्यभार ग्रहण करने से पहले उम्मीदवारों को एनटीपीसी चिकित्सा बोर्ड में चिकित्सा परीक्षा करानी होगी और बोर्ड का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। नियुक्ति, कंपनी द्वारा निर्धारित चिकित्सा मानदण्डों को पूरा करने के अधीन होगी। चिकित्सा मानदण्डों में कोई छूट नहीं दी जाती है। विस्तृत चिकित्सा मानदण्ड वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

आवेदन कैसे करें:

01. **पात्र उम्मीदवारों को केवल एनटीपीसी रिहंद की ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के जरिए ही आवेदन करना होगा। आवेदन करने के लिए कृपया अपनी वैध ई-मेल आईडी के साथ <u>www.ntpccareers.net</u> वेबसाइट देखें। यह साइट 21.07.2014 प्रातः 10 बजे से 11.08.2014 की मध्य रात्रि तक चालू रहेगी। आवेदन का अन्य कोई माध्यम/प्रणाली स्वीकार नहीं की जाएगी। एनटीपीसी, उम्मीदवार को भेजे गए किसी ई-मेल के वापस लौटने (बाउंस बैक) के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।**

02 सामान्य/ओबीसी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार को रु.200/- का अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क देना होगा। अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को कोई आवेदन शुल्क नहीं देना होगा।

03 भारतीय स्टेट बैंक को एनटीपीसी रिहंद की ओर से सीएजी शाखा, नई दिल्ली (कोड: 09996) में विशेष रूप से खोले गए खाता संख्या **(खाता नं. 30987919993)** में पंजीकरण शुल्क एकत्र करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। उम्मीदवार को आवेदन पंजीकरण पोर्टल पर उपलब्ध "पे-इन-स्लिप" का प्रिंटआउट लेकर एसबीआई की किसी नज़दीकी शाखा से संपर्क करना होगा। पोर्टल से प्रिंट की गई पे-इन-स्लिप का प्रयोग केवल आबंटित खाते में राशि को उचित रूप से जमा कराने के लिए ही किया जाएगा। धनराशि के प्राप्त होने पर बैंक एक विशिष्ट जर्नल नंबर तथा धनराशि एकत्र करने वाले बैंक का शाखा कोड जारी करेगा। उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान इस जर्नल संख्या और शाखा कोड को भरना होगा। बैंक कमीशन प्रभार उम्मीदवार को देना होगा। यदि उम्मीदवार गलत खाते में शुल्क जमा कराता है तो इसके लिए एनटीपीसी रिहंद जिम्मेदार नहीं होगा। धनराशि एकत्र करने की अन्य कोई प्रणाली नहीं है। पे-इन-स्लिप की स्कैन की गई प्रति को भी ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान अपलोड करना होगा।

04 दिया गया शुल्क किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन शुल्क का भुगतान करने से पहले अपनी पात्रता का सत्यापन कर लें।

05 **ऑनलाइन पंजीकरण के बाद, उम्मीदवारों को पंजीकरण स्लिप डाउनलोड करनी होगी और पंजीकरण स्लिप का प्रिंटआउट "पोस्ट बॉक्स नं.10543, नई दिल्ली-110067" को भेजना होगा। डाउनलोड की गई पंजीकरण स्लिप के प्रिंट आउट के साथ पे-इन-स्लिप, स्व-सत्यापित जाति प्रमाण-पत्र एवं पी डब्लु डी प्रमाण-पत्र की प्रति प्राप्त करने की अंतिम तारीख 20.08.2014 है।**

06 दर्ज किए गए सभी सफल उम्मीदवारों को साइट से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने की अनुमति दी जाएगी। **कृपया नोट करें कि प्रवेश-पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा।**

07 यह अनिवार्य है कि पात्र उम्मीदवार विज्ञापन का पूरा पाठ पढ़े और पद के लिए आवेदन करते समय दी गई सभी शर्तों पर सहमत हो।

सामान्य सूचना और अनुदेश:

01 केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

02 आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह वेबसाइट www.ntpccareers.net पर इस विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता है।

03 किसी मैन्युअल/कागज पर प्रस्तुत आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

04 सभी योग्यताएं (नियमित पूर्णकालिक) मान्यताप्राप्त भारतीय संस्थानों से और उपयुक्त सांविधिक प्राधिकारी से अनुमोदित होनी चाहिए।

05 लिखित परीक्षा में बैठने वाले किसी उम्मीदवार को टीए/डीए का **भुगतान नहीं दिया जाएगा।**

06 पद के लिए आवेदन करते समय उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह विनिर्दिष्ट तारीखों को ऊपर उल्लिखित पात्रता तथा अन्य मानदंड पूरा करता हो और यह कि दिया गया विवरण सभी दृष्टि से सही हो। यदि भर्ती के किसी स्तर पर यह पता चलता है कि कोई

उम्मीदवार पात्रता मानदंड पूरा नहीं करता और/या उसने कोई गलत/झूठी सूचना दी है या किसी तथ्य(यों) को छिपाया है तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः रद्द हो जाएगी। यदि उपर्युक्त किसी कमी (कमियों) का नियुक्ति के बाद भी पता चलता है तो उसकी सेवाएं बिना कोई नोटिस दिए समाप्त कर दी जाएंगी।

07 उम्मीदवार पूछताछ के लिए साइट देख सकते हैं और प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) खंड से परामर्श कर सकते हैं।

08 रोल नम्बर, आबंटित परीक्षा केन्द्र का नाम और परीक्षा के लिए दिशानिर्देश दर्शाने वाला प्रवेश-पत्र, पात्र पाए गए उम्मीदवारों को उसी साइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। **उम्मीदवार को** वेबसाइट से परीक्षा में बैठने के लिए **अपना प्रवेश-पत्र, परीक्षा दिशानिर्देश आदि डाउनलोड करना होगा। प्रवेश-पत्र डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा।**

09 उम्मीदवारों को ई-मेल आईडी रखने की सलाह दी जाती है जिसे इस भर्ती की अवधि के दौरान सक्रिय ऑनलाइन आवेदन फार्मे में दर्ज करना होगा। एक बार दर्ज करने पर ई-मेल आईडी में कोई परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। भविष्य में सभी पत्राचार केवल ई-मेल के जरिए ही किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में दर्ज की जाने वाली ई-मेल आईडी अनिवार्य है। यदि किसी उम्मीदवार के पास कोई वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी न हो तो उसे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपनी नई ई-मेल आईडी बनानी चाहिए।

10 उम्मीदवारों को भावी प्रयोग के लिए उसी फोटाग्राफ की बीस प्रतियां रखनी चाहिए जिसका वे ऑनलाइन पंजीकरण में इस्तेमाल कर रहे हैं।

11 डाक पते या ई-मेल पते में परिवर्तन के लिए किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

12 सरकारी विभागों/पीएसयू/स्वायत्त निकायों में नियुक्त कर्मचारियों को साक्षात्कार के समय **अनापत्ति प्रमाण-पत्र** (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा। कृपया नोट करें कि एनओसी के बिना, ऐसे उम्मीदवारों को साक्षात्कार में प्रस्तुत होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

13 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा, प्रवेश-पत्र की डाउनलोडिंग, लिखित परीक्षा के परिणाम, साक्षात्कार की अनुसूची, चिकित्सा मानकों आदि के संबंध में सूचना के लिए वेबसाइट से लगातार संपर्क में रहना होगा।

14 प्रवेश-पत्र जारी होना या लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/चिकित्सा योग्यता परीक्षा में बैठने के लिए परिणाम आधिसूचना या इन परीक्षाओं को उत्तीर्ण करना तथा या अंतिम मेरिट सूची में रखा जाना किसी उम्मीदवार के चयन का सबूत नहीं होगा। उम्मीदवारी पूर्णतया अनंतिम होगी जो नियुक्ति से पूर्व या बाद में पात्रता तथा अन्य सत्यापनों के अधीन होगी। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी कि पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान वह सभी पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करता है। उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/चिकित्सा योग्यता परीक्षा में अनंतिम आधार पर बैठने की अनुमति दी जाएगी और किसी उम्मीदवार को नियुक्ति या कोई मुआवजा पाने का इस आधार पर अधिकार नहीं होगा कि वह परीक्षा में बैठा था या उसने लिखित परीक्षा या अन्य जांच परीक्षा उत्तीर्ण की है।

15 एनटीपीसी लिमिटेड, रिहंद सुपर थर्मल पॉवर परियोजना किसी मुद्रण त्रुटि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा जो अनजाने में हो गई हो।

16 किसी भी रूप में अपने पक्ष में प्रचार करना (कैनवेसिंग) करने से उम्मीदवार अयोग्य हो जाएगा।

17 परीक्षा हॉल में मोबाइल फोन/संचार उपकरण/कैल्कुलेटर लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा हॉल से उम्मीदवार को तत्काल निष्कासित करने सहित उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी।

18 समाचार पत्र/रोजगार समाचार एवं एनटीपीसी वेबसाइट में अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में अभिव्यक्ति के कारण उत्पन्न किसी अस्पष्टता/विवाद के मामले में वेबसाइट में दिया गया अंग्रेजी पाठ ही मान्य माना जाएगा।

19 एनटीपीसी को बिना कोई नोटिस जारी किए या तत्पश्चात् कोई कारण बताए बिना भर्ती प्रक्रिया को रद्द/सीमित/विस्तार/ संशोधन/परिवर्तन करने, यदि ऐसी आवश्यकता उत्पन्न होती है, का अधिकार होगा।

20 इस विज्ञापन और/या इसके प्रत्युत्तर में किसी आवेदन से उत्पन्न किसी दावे या विवाद के किसी मामले के संबंध में कोई कार्यवाही उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले और उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में न्यायालयों/अधिकरणों/फोरम में ही की जा सकती है, जिसे ऐसे किसी कारण/विवाद का समाधान करने का एकमात्र और विशिष्ट क्षेत्राधिकार होगा।

महत्वपूर्ण तारीख:

क.	उम्मीदवारों द्वारा आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण करने की प्रारंभिक तारीख	21.07.2014
ख.	उम्मीदवारों द्वारा आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण करने की अंतिम तारीख।	11.08.2014
ग.	पंजीकरण स्लिप के साथ अन्य दस्तावेज की प्राप्ति की अंतिम तारीख	20.08.2014

एनटीपीसी NTPC

एनटीपीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

रिहंद सुपर थर्मल पॉवर परियोजना

रिहंदनगर, सोनभद्र- 231223

उत्तर प्रदेश